हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 जुलाई 2026

11 बेंचों के पास कूड़े के ढेर, जनसुविधा बनी मजाक



12 बास्केटबॉल में छारा स्कूल की लड़कियां जीती



## खबर संक्षेप

### एसआईआर अभियान का आज अंतिम दिन, 11 ने नहीं दिए प्रपत्र

**झज्जर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे एसआईआर अभियान का शुक्रवार को अंतिम दिन है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने जिले के सभी शेष पात्र मतदाताओं से अपील की है कि जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना प्रपत्र संबंधित बीएलओ को जमा नहीं कराया है, वे आज ही बिना किसी विलंब के अपना प्रपत्र जमा कर दें। उन्होंने सभी बीएलओ, सुपरवाइजरों तथा निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतिम दिन पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंच सुनिश्चित करें। अभी तक जिले भर में महज 11 मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा नहीं करवाएं हैं।

### निःशुल्क किडनी रोग परामर्श शिविर आज

**बहादुरगढ़।** मेडार्क हॉस्पिटल द्वारा शुक्रवार 24 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क किडनी रोग परामर्श (नेफ्रोलॉजी) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में प्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रम कालरा लोगों को निःशुल्क परामर्श देंगे। शिविर के दौरान अस्पताल की ओर से विभिन्न पैथोलॉजी जांचों तथा दवाइयों पर भी छूट दी जाएगी। उनके अनुसार मधुमेह, उच्च रक्तचाप या लंबे समय से दर्द निवारक दवाइयों का सेवन करने वाले व्यक्तियों को नियमित रूप से किडनी की जांच करानी चाहिए।



### रोहद में फांसी लगाने से युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। वह गांव रोहद का रहने वाला था और निजी कंपनी में काम करता था। बुधवार की रात को वह कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा गया। परिजनों की नजर पड़ी तो तुरंत संभाला। अस्पताल में लाए तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### कभी धूप तो कभी आसमान में बादल छाए

**बहादुरगढ़।** इलाके में वीरवार को मौसम बार-बार बदलता रहा। कभी तेज धूप निकली तो कभी आसमान में बादल छा गए। अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। ठंडी हवा के साथ सुबह की शुरुआत हुई थी। इसके बाद तेज धूप खिली। दिनभर कभी आसमान में बादल छाते तो कभी धूप निकल आती। हवा भी चलती रही। देर शाम को बरसात के आसार बने हुए थे।

## 585 को प्रत्यक्ष व हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से होगा लाभ

# बादली-बेरी में चार कंपनियां 516.67 करोड़ का करेंगी निवेश, मिलेगा रोजगार

ग्रीन एनर्जी, ऑटोमोबाइल, मेडिकल ऑक्सीजन और मैटीरियल हैंडलिंग सेक्टर की बड़ी कंपनियां आएंगी

रवींद्र राठी ▸▸ बहादुरगढ़


झज्जर जिला तेजी से औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। जिले में चार बड़ी औद्योगिक इकाइयों द्वारा 516.67 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से करीब 585 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इन इकाइयों के संचालन से हजारों लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार और कारोबार के अवसर मिलेंगे।

बता दें कि बादली के दादरी तोए स्थित रिलायंस एमईटी में ब्यूमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 172.11 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। यहां मैटीरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट बनेंगे और करीब 400 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा सांको गोसेई टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऑटोमोटिव उत्पाद बनाने के लिए लगाए गए प्लांट पर 84.05 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें 25 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। बादली में ही रिलायंस बॉयो एनर्जी द्वारा 129 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस एवं बायोमास बनाने वाली कंपनी में 70 लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसके अलावा बेरी के बाघपुर गांव में वायु प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना पर 131.51 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। लिक्विड ऑक्सीजन एवं लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन बनाने वाले इस प्लांट में 90 लोगों को नौकरी मिलेगी। ग्रीन एनर्जी, मेडिकल गैस, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट और मैटीरियल हैंडलिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश से जिले की औद्योगिक पहचान और मजबूत होगी। इसके साथ ही परिवहन, होटल, ढाबे, पैकेजिंग, सुरक्षा, मेंटेनेंस और अन्य सेवा क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के हिसाब से अपना कौशल निखारना चाहिए।

### निवेश की पहली पसंद है झज्जर

जिला उद्योग केंद्र की संयुक्त निदेशक संजीत कौर कटारिया ने बताया कि झज्जर जिले में 4 कंपनियों द्वारा कुल 516.67 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। इनमें प्रत्यक्ष तौर पर कुल 585 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इन परियोजनाओं से झज्जर में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों, बेहतर सड़क संपर्क, दिल्ली-एनसीआर की निकटता और रिलायंस एमईटी सिटी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के कारण झज्जर निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। विभाग का प्रयास है कि नए उद्योगों को सभी आवश्यक स्वीकृतियां और सुविधाएं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएं ताकि जिले में और अधिक निवेश आकर्षित हो सके।



### पूरे जिले का होगा विकास

पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ के अनुसार झज्जर जिला विशेषकर बादली इलाके में बड़े उद्योग आने से स्थानीय युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। इससे पलायन कम होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। जब बड़े उद्योग स्थापित होते हैं तो केवल फैक्ट्री में ही रोजगार नहीं मिलता। बल्कि परिवहन, होटल, किराये के मकान, छोटे व्यापार और अन्य सेवाओं की मांग भी बढ़ती है। इसका लाभ पूरे जिले को मिलेगा। कंपनियां स्थानीय युवाओं को कौशल युक्त प्रशिक्षण देकर नियुक्ति में प्राथमिकता दें। आने वाले वर्षों में झज्जर हरियाणा के प्रमुख औद्योगिक जिलों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। जिले का बुनियादी ढांचा, व्यापार और राजस्व भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा।

## होटल में मृत मिली महिला, पति सहित 5 पर केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में स्थित एक होटल में महिला की जहर निगलने से मौत का मामला सामने आया है। महिला की मौत के लिए परिजनों ने उसके पति सहित पांच ससुरालियों पर केस दर्ज कराया है। मामला सेक्टर-12 स्थित क्राउन होटल का है। मृतका की पहचान प्रोमिला के रूप में हुई है। प्रोमिला बहादुरगढ़ शहर की लड़की थी और दिल्ली के उत्तर नगर में करीब 12 साल पहले उसकी शादी हुई थी। फिलहाल वह अपने मायके में ही रह रही थी। बीती रात को सेक्टर-12 में ऑटो मार्केट में स्थित होटल के बंद कमरे में उसका शव बरामद हुआ। मौके पर सल्फास के पैकेट्स मिले। प्रथमदृष्टया जहर से मौत होने की बात सामने आई है। हालांकि असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो सकेगी।

शिकायत में मृतका के भाई विनय ने कहा है कि उसकी बहन की शादी 12 साल पहले उत्तम नगर के निवासी कृष्ण के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे परेशान करने लगे। बीते चार-पांच साल से वह हमारे पास यहां बहादुरगढ़ रह रही थी। उसकी 10 साल की एक बेटी भी है। कुछ समय से ससुराल वाले उस पर भांजी देने के लिए दबाव बना रहे थे, बहन ने इंकार कर दिया। इसी बीच 21 जुलाई को बहन बिना बताए कहीं चली गई लेकिन नहीं मिली। 22 जुलाई को उसकी मौत की खबर आई।

### मांडोठी के पास मोटरों से नहरी पानी चोरी

# नहरी पानी चोरी रोकने गई सिंचाई विभाग की टीम पर जानलेवा हमला

■ एसडीओ और जेई समेत पांच घायल, फोन भी नहर में फेंके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

गुरुग्राम को पेयजल आपूर्ति करने वाली एनसीआर नहर पर पानी की चोरी रोकने गई सिंचाई विभाग की टीम पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि पानी चोरी का विरोध करने पर हमलावरों ने एसडीओ, जेई, ड्राइवर और दो बेलदारों पर कस्सी तथा डंडों से हमला कर दिया। घटनाक्रम का वीडियो बना रहे कर्मचारियों के मोबाइल भी छीनकर नहर में फेंक दिए गए। यहां तक कि एसडीओ को भी माइनर में गिरा दिया। घायलों का उपचार ट्रॉमा सेंटर में कराया गया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लोग टीम के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं और उनके हाथ में हथियार भी दिखाई पड़ रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, जीडब्ल्यूएस सब डिवीजन गुरुग्राम के एसडीओ यशपाल अपनी टीम के साथ वीरवार को एनसीआर नहर पर गश्त कर रहे थे। मांडोठी के पास टीम पहुंची तो 2 ट्रैक्टरों पर मोटर लगाकर अवैध रूप से नहरी पानी की चोरी होते देखी गई। टीम ने पानी चोरी रोकने का प्रयास किया तो वहां कुछ लोग आए और भड़क गए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने कस्सी और डंडों से हमला कर एसडीओ यशपाल, जेई सौरभ पांडे, ड्राइवर तथा दो बेलदारों के साथ मारपीट की। इस दौरान वीडियो बना रहे जेई तथा एसडीओ के मोबाइल छीनकर पानी में गिरा दिए गए। इतना ही नहीं एसडीओ को भी पानी में धक्का दे दिया। जान बचाकर भागे तो आरोपियों ने पीछा किया। जैसे तैसे टीम ने पुलिस चौकी में पहुंचकर बचाव किया। घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग के कर्मचारी और यूनियन पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। यूनियन ने हमले की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो विभाग के कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## मातन में अकेली रह रही वृद्धा की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या

■ हत्या के बाद शव को मकान में बंद किया, फोन न उठाने पर परिजन गांव में आए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

गांव मातन में एक बुजुर्ग महिला की हत्या का मामला सामने आया है। उसके गले में चुन्नी लिपटी हुई मिली है। वारदात के बाद मकान के बाहर ताला लगा मिला। परिजन जब वापस आए तो वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान करीब 77 वर्षीय अनकौर के रूप में हुई है। यहां गांव मातन की निवासी थी और फिलहाल अकेली रहती थी। वीरवार को उनका शव बंद मकान में मिला। जानकारी के अनुसार, 21 जुलाई को बुजुर्ग महिला की बात अपने नाती से हुई थी। इसके बाद 2 दिन से उनका मोबाइल लगातार बंद आ रहा था। नाती व अन्य परिजनों को शंका हुई तो वे भालौठ से यहां मातन पहुंचे। देखा तो बाहर मुख्य गेट पर ताला लगा था। ताला तोड़कर अंदर गए तो कमरे भी बंद थे। फिर कमरा खोला तो अंदर बुजुर्ग महिला मृत अवस्था में थी और उनके गले में चुन्नी बंधी हुई थी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। वारदात किसने और क्यों की, यह फिलहाल सवाल बना हुआ है।

## पक्की सड़क और सुचारू बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर जहांगीरपुर के ग्रामीण अनशन पर

■ एक अनशनकारी की तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर मौके पर आए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

विकास कार्यों और बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर के ग्रामीण पिछले तीन दिनों से आमरण अनशन पर हैं। ऐसे में जब वीरवार को एक आंदोलनकारी की तबीयत बिगड़ी तो स्वास्थ्य विभाग की टीम धरनास्थल पर पहुंची। चिकित्सकों द्वारा अनशनकारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें अनशन पर बैठे ग्रामीण दीपक शर्मा का बीपी सामान्य से अधिक पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से अघोषित बिजली कटों की समस्या बनी हुई है। गांव की फिरनी की सड़क भी जर्जर है। उसे सीमेंट कंक्रीट का नहीं बनाया जा रहा। गांव के विकास कार्यों व सुचारू बिजली आपूर्ति व्यवस्था की मांग को लेकर वे आमरण अनशन पर बैठे हैं। हालांकि बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा अब बिजली व्यवस्था तो सुचारू कर दी है लेकिन सड़क निर्माण कार्य बारे कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला। अनशन का नेतृत्व कर रहे दीपक शर्मा ने कहा कि जब तक प्रशासन लिखित रूप में कार्य शुरू करने की समय सीमा नहीं देता और सीसी फिरनी का निर्माण कार्य धरातल पर शुरू नहीं होता, तब तक अनशन जारी रहेगा।



**झज्जर।** अनशन पर बैठे ग्रामीण की स्वास्थ्य जांच करते हुए चिकित्सीय टीम।

## कुलासी में मोर को कुत्तों ने नोंचा

उपचार के लिए जीव संस्था में लेकर गए, नहीं बची जान

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी में राष्ट्रीय पक्षी मोर को कुत्तों द्वारा नोंचने का मामला सामने आया है। बीती शाम की यह घटना बताई जा रही है। किसी ग्रामीण की नजर पड़ी तो मोर को संभाला गया। इसके बाद बहादुरगढ़ की एक जीव संस्था से संपर्क साधा गया। टीम उसे बहादुरगढ़ लाई और उपचार शुरू किया। लेकिन मोर की मौत हो गई। इसके बाद नियमानुसार मोर को मिट्टी दी गई। इससे जीव प्रेमियों की भावनाओं को ठेस पहुंची। पहले भी मोर के मारे जाने की घटनाएं हो चुकी हैं।

## अभिषेक हत्याकांड में तीन गिरफ्तार, चाकू बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

लाइनपार में हुए अभिषेक हत्याकांड में शामिल तीनों आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए हैं। अदालत में पेश कर आरोपी पिता को जेल भेज दिया गया, जबकि उसके दोनों बेटे बाल सुधार गृह भेजे गए हैं। दरअसल, बिहार मूल का अभिषेक यहां छोटूराम नगर में रहता था। गली नंबर-1 में उसकी किरयाने की दुकान है। पड़ोस में रहने वाला मुकेश उससे उधार सामान लेता था। उस पर काफी उधार चढ़ गई थी। अभिषेक का बेटा 14 वर्षीय अभिराज रविवार को मुकेश से रुपये लेने गया, लेकिन नहीं मिले। इसके बाद अभिराज अपने पिता अभिषेक के साथ मुकेश के कमरे पर पहुंचा। इसी दौरान उनमें विवाद हो गया। आरोप है कि मुकेश व उसके बेटों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच चाकू से अभिषेक पर ताबड़तोड़ वार किए। बीच बचाव करने पर अभिराज पर भी हमला किया। हमले में अभिषेक की मौत हो गई। इस संबंध में अभिषेक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने मुकेश व 2 अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास आदि धाराओं के तहत केस दर्ज किया। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। रिमांड अवधि में उससे पूछताछ की गई। वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया गया। वहीं मामले में शामिल अन्य दो आरोपी मुकेश के नाबालिग बेटों को भी काबू कर लिया गया।

## एपीके फाइल भेज दुकानदार के खाते से निकाले 1 लाख

■ साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर वारदात को दिया अंजाम, क्रेडिट कार्ड से निकले रुपये

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर निवासी एक दुकानदार के साथ ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने फोन पर बैंक के नाम से फर्जी एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक किया और क्रेडिट कार्ड से 1 लाख से अधिक रुपये साफ कर दिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात बहादुरगढ़ निवासी सौरभ के साथ हुई है। सौरभ का कहना है कि शहर में उसकी क्रॉकरी शॉप है। गत 21 जुलाई को वाट्सएप पर अज्ञात नंबर से बैंक संबंधित एपीके फाइल आई। जैसे ही उस पर क्लिक तो फोन हैक हो गया।

इसके बाद मेरे पास टेक्सट मैसेज आया और कॉल फारवर्ड हो गई। कुछ देर बाद फोन पर ओटीपी आने शुरू हो गए। उसी दिन 2 क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 9 हजार 999 रुपये निकल गए। रुपये निकले तो कार्ड ब्लॉक कराए। फिर पुलिस को शिकायत दी। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। बता दें कि पुलिस विभाग कई बार चेता चुका है कि अज्ञात नंबरों से आई एपीके फाइल डाउनलोड करना खतरनाक हो सकता है।

## मकान से लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में पुरानी सब्जी मंडी के निकट स्थित मस्जिद मोहल्ला में मकान में चोरी का मामला सामने आया है। बुजुर्ग महिला सतवती ने पुलिस को शिकायत दी है कि किसी अज्ञात ने ट्रंक का ताला खोलकर सोने की 1 चेन, 3 अंगूठी, कड़े, मोती के टॉप्स, 52 हजार व एफडी की कॉपी चुरा ली। चोरी किए गए आभूषणों की कीमत करीब 10 लाख बताई जा रही है। बुधवार को जब संदूक चेक किया तो मामले का पता चला। आभूषण कहीं नहीं मिले तो पुलिस को सूचना दी।

GANGA INSTITUTE OF TECHNOLOGY AND MANAGEMENT
AN AUTONOMOUS INSTITUTE
JHAJJAR (DELHI-NCR)
NAAC A GRADE
NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION NBA ACCREDITED BY
B.TECH ME, ECE and MBA



Industry Oriented Curriculum
Degree Conferred by MDU, Rohtak
RANKED #16 In North India
RANKED #38 Pvt. Institutes In India
RANKED #39 Across India
RANKED #46 Placement Across India
Times Engineering Institute Ranking Survey-2026

ADMISSIONS OPEN 2026-27

Applications are invited on prescribed performa from eligible candidates for filling up the Vacant/Leftover Seats/ Tuition Fee Waiver/Economical Weaker Section of B.Tech 1st year courses and B.Tech 2nd year (LEET) courses as per HSTES 2026-27 guidelines and reservation policy. Application performa can be downloaded from the Institute website or can be taken from the admission office. The duly filled Application performa along with necessary documents must be submitted in the Institute admission office.

PHYSICAL COUNSELING / REPORTING SCHEDULE

| | |
|---|---|
| Last date for submission of Application form through email or by hand | 27.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and submission of admission fee by the candidates on the basis of JEE Mains Ranks/10+2 marks (with reservation policy) | 28.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Physical Reporting and Submission of Admission fee by the candidates having JEE Mains Ranks/10+2 Marks (without reservation) | 29.07.2026 (upto 5:00 pm) |
| Daily Basis On Spot Physical Counseling on First come- first serve basis | From 30.07.2026 to the last cut of date of admissions as per HSTES |

B.TECH | B.TECH (LEET)
CSE, CSE (DS), CSE (AI & ML), FIRE TECH. & SAFETY, ELECTRICAL MECHANICAL, ELECTRONICS & COMMUNICATION ENGG., CIVIL
COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS IN FLEXIBLE TIMINGS
B.TECH (FIRE TECH. & SAFETY, CSE, ELECTRICAL, CIVIL), M.TECH (CSE, SD), MBA, MCA
Other Courses by GGI
M.TECH | BBA | BCA | MCA | MBA | B.ARCH | M.ARCH | B.ED | M.ED
8684000891 / 892 / 893 / 906 / 9654292946 | www.gangainstitute.com

**सांत्वना** मुनीमपुर में शोक व्यक्त करने पहुंचे मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा

# सरकार पीड़ित परिवारों के साथ, तय मदद समय पर दिलवाएंगे : डॉ. शर्मा

डॉ. शर्मा ने चारों मृतकों के परिवार को दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

वीरवार को सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा गांव मुनीमपुर पहुंचे और कुआं हादसे में जान गंवाने वाले ग्रामीणों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सरकार की ओर से मिलने वाली सभी पात्र सहायता समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस कठिन समय में पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर आनंद सागर, ब्राह्मण महासभा के प्रधान राज देवरखाना, केशव सिंघल, गुलशन शर्मा, मुकुल कौशिक सहित अन्य भी मौजूद रहे।



### बछड़े को बचाने में गई थी चार जान

बता दें कि गांव मुनीमपुर में एक बछड़े को बचाने के प्रयास के दौरान कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से गांव के दलबीर सिंह, मोनू, नरेंद्र तथा उत्तर प्रदेश निवासी प्रवासी श्रमिक रामू की असामयिक मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने महापंचायत में प्रशासन पर मदद में लापरवाही का आरोप लगाते हुए रोष प्रकट किया था। इसके बाद भाजपा व कांग्रेस नेता समेत प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मृतकों के परिजनों को 41-41 लाख रुपये और नौकरी देने पर सहमति बनी थी। इसके साथ ही गांव में पंचायती जमीन पर स्मृति स्थल बनाने की घोषणा की गई थी।

जानकारी / शिखर चंद जैन



# आकाश के सुपरहीरो भरते हैं लंबी-ऊंची उड़ान

दुनिया में कुछ ऐसे कमाल के पक्षी हैं, जो हजारों किलोमीटर तक लगातार उड़ सकते हैं। कोई पक्षी लंबे समय तक बिना कुछ खाए भी उड़ सकता है तो कोई हवा में सो भी सकता है, तो कोई बिना रुके समुद्र पार कर जाता है। आओ, आकाश के इन सुपरहीरो पक्षियों की हैरतअंगेज उड़ानों के बारे में जानें।

## अल्बाट्रॉस बादलों का ग्लाइडर

**बादलों का** ग्लाइडर कहलाने वाला अल्बाट्रॉस अपने विशाल पंखों की मदद से बिना पंख फड़फड़ाए हजारों किलोमीटर की यात्रा कर सकता है। कुछ अल्बाट्रॉस एक ही यात्रा में 15,000 किलोमीटर तक उड़ सकते हैं। इसके पंख लगभग 11 फीट तक के होते हैं, जो अन्य पक्षियों की तुलना में काफी बड़े होते हैं। *

## बार-टेल्ड गॉडविट वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर



**लंबी उड़ान** भरने के मामले में बार-टेल्ड गॉडविट प्रजाति के एक पक्षी बी6 ने अमेरिका के अलास्का से ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया तक 13,560 किलोमीटर की दूरी केवल 11 दिनों में बिना खाए-पिए, बिना रुके तय की थी, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। उड़ान भरने से पहले यह पक्षी इतना ज्यादा खाता है कि एक 'फूला हुआ गुब्बारा' जैसा दिखता है। फिर यह पक्षी भोजन से प्राप्त चर्बी (फैट) को ईंधन की तरह इस्तेमाल करता है। अपनी उड़ान के समय यह लंबे समय तक भूखा-प्यासा रह सकता है। अपने आंतरिक अंगों को सिकोड़ लेता है ताकि हल्का महसूस कर सके। *

## रेड नॉट टेनिस बॉल जैसा नन्हा पक्षी



**रेड नॉट** आकार में एक छोटे-से टेनिस बॉल जैसा होता है। लेकिन यह बहुत साहसी पक्षी होता है। यह पक्षी प्रवास के दौरान लंबी दूरी की नॉन-स्टॉप उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी साइज को देखकर बच्चो तुम इमेजिन भी नहीं कर सकते कि यह हर साल आर्कटिक से दक्षिण अमेरिका तक 15,000 किलोमीटर का सफर तय करता है। खास बात यह है कि प्रवास के दौरान इसका वजन दोगुना हो जाता है, फिर यात्रा खत्म होते-होते यह दोबारा बिल्कुल दुबला हो जाता है। *

## आर्कटिक टर्न उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव का वार्षिक सफर




**अपनी प्रवास** यात्रा के दौरान यह अद्भुत पक्षी लगभग 70,000 से 90,000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर लेता है। यह दूरी दुनिया में किसी भी अन्य प्रजाति के पक्षी द्वारा प्रवास के दौरान तय की जाने वाली दूरी से काफी अधिक है। बीच-बीच में यह पक्षी आराम करने और भोजन करने के लिए रुकता भी है। बच्चो, अगर दुनिया घूमने का कोई इनाम होता, तो वह इस पक्षी को ही मिलता। हर साल यह पक्षी उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक जाता है। अपने जीवनकाल में यह इतना ज्यादा उड़ता है कि पृथ्वी से चांद के तीन चक्कर लगाने के बराबर है। *

## कॉमन स्विफ्ट उड़ते हुए सो लेता है



**यह पक्षी** अपने जीवन का अधिकांश समय हवा में ही बिताता है। यह बिना जमीन को छुए लगातार 10 महीने तक उड़ सकता है। यह पक्षी जमीन पर बहुत कम आता है। यह अपना खाना, पीना और यहां तक कि सोना भी उड़ते हुए ही करता है। कमाल की बात यह है कि कॉमन स्विफ्ट अपना आधा दिमाग सुलाकर उड़ते-उड़ते झपकी ले लेता है। *

## ग्रेट फ्रिगेटबर्ड कई हफ्तों उड़ता है समुद्र के ऊपर



**'समुद्री डाकू'** के नाम से मशहूर यह पक्षी कई हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ता रहता है, लेकिन मजेदार बात यह है कि यह तैर नहीं सकता, क्योंकि इसके पंख पानी में भीगने पर भारी हो जाते हैं। यह बादलों के बहुत ऊपर करीब 4,000 मीटर तक उड़ सकता है। यह दूसरे पक्षियों को डराकर उनका खाना छीन लेता है। यह पक्षी हफ्तों तक समुद्र के ऊपर उड़ सकता है और हवा में सो भी सकता है। *

## ग्रेट स्नाइप रॉकेट बर्ड



**जहां दूसरे** पक्षी धीरे-धीरे उड़ते हैं, वहीं ग्रेट स्नाइप नामक यह पक्षी अपनी रफ्तार के लिए मशहूर है। यह 97 किमी. प्रति घंटा की तेज रफ्तार से उड़ सकता है। इसीलिए इसे 'रॉकेट बर्ड' के नाम से भी जाना जाता है। यह पक्षी अपनी पूरी यात्रा बिना रुके और बिना रास्ता भटके पूरी करता है। *

# और खाओ रसगुल्ले!



एआई इमेज



छोटी कहानी

शिव मोहन यादव

मोहन अकसर ही किसी हलवाई की दुकान पर जाता, वहां मिठाई खरीदने के बहाने दूसरी किसी मिठाई को चुपके से चट कर जाता।

एक दिन मोहन अपने एक मित्र माधव से बोला, 'मुझे हलवाई की दुकान से आधा किलो लड्डू लेने हैं। देखना मैं किस तरह कितने मजे से किसी दूसरी मिठाई पर हाथ मारूंगा।'

माधव ने रोका, 'नहीं यार, यह बात ठीक नहीं है। यह तो चोरी है।'

मोहन बोला, 'देख यार, खाने वाली चीजों की चोरी को चोरी नहीं कहा जाता।'

माधव ने साफ-साफ कहा, 'देखो मोहन, कल तुमने लड्डू उठाकर जेब में डाल लिया था। एक दिन का हो गया। रोज-रोज ऐसा करना शोभा नहीं देता। अगर तुमको किसी मिठाई पर हाथ साफ करना है तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जाऊंगा, दूर खड़ा रहूंगा।'

'ठीक है, तुम दूर खड़े रहना।' कहकर मोहन धनश्याम हलवाई की दुकान के भीतर चला गया। 'काका, जरा आधा किलो लड्डू तौल दीजिए।' मोहन ने कहा तो धनश्याम हलवाई चेहरे पर मुस्कान लिए लड्डू तौलने के लिए डिब्बा उठाने लगा। दुकान तरह-तरह की मिठाइयों से सजी थी। ताजी जलेबी, रसगुल्ले-गुलाबजामुन की महक से आस-पास के वातावरण में खुशबू बिखरी हुई थी। सफेद कलाकंद, काजू कतली, रसमलाई जैसी मिठाइयां भी सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थीं। कुछ मिठाइयों पर मधुमक्खियां भी भिनभिना रही थीं। जैसे ही हलवाई काका ने डिब्बे में लड्डू रखकर तौलने के लिए अपनी नजरें दूसरी ओर घुमाईं, इतने में मोहन ने सामने बर्तन में रखे रसगुल्लों में से एक रसगुल्ला अपने मुंह के हवाले कर लिया।

लेकिन यह क्या! जैसे ही रसगुल्ला मुंह में गया, उसके साथ एक मधुमक्खी भी मुंह में चली गई। उसने मोहन की जीभ पर काट लिया। वह बिलबिला गया। अब मोहन न तो रसगुल्ले को निगल पा रहा था, न ही उगल पा रहा था। बर्दाश्त करने की भी एक हद होती है, इतनी देर में मधुमक्खी ने जीभ में दूसरी जगह भी काट लिया। अचानक चिल्लाते हुए मोहन ने रसगुल्ले को उगल दिया।

माधव दूर खड़ा यह सब देख रहा था। उसके मुंह से अचानक हंसी छूट गई। इधर हलवाई काका जब तक कुछ समझते, तब तक सामने पड़ा रसगुल्ला उन्हें दिखाई दे गया। सामने मोहन का चेहरा देखकर उन्हें सब कुछ समझते देर न लगी। वह भी मुस्कुरा दिए। दूसरे लोगों ने पूछा, 'बेटा क्या हो गया?'

मोहन ने रुआंसा होकर बताया, 'मधुमक्खी ने काट लिया।'

इतने में माधव आ गया, हंसते हुए बोला, 'और खाओ रसगुल्ले!'

आस-पास के लोगों ने सारी बात समझी तो मोहन के भोलेपन पर हंस पड़े। तभी हलवाई काका मोहन को आधा किलो लड्डू देते हुए बोले, 'बेटा, रसगुल्ला ही खाना था तो मुझसे बोल देते। मैं तुम्हें सावधानी से रसगुल्ला निकालकर दे देता। ऐसे चोरी से...।'

'काका, गलती हो गई, आगे से ऐसा कभी नहीं करूंगा, सॉरी।' मोहन झेंपते हुए बोला। उधर पास खड़ा माधव हंसते हुए बोला, 'मना किया था, लेकिन तुम माने नहीं, नतीजा सामने है!' *

तुम्हारे लिए नई किताब / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# प्यारी कविताओं का संग्रह

बच्चो, बाल साहित्य की लोकप्रिय विधाओं में से एक है बाल कविता। तुमको कविताएं पढ़ने में खूब मजा आता है न! बाल कविता अगर लय, तुक, ताल, छंद से सजी हो तो फिर बात सोने पे सुहागा वाली हो जाती है। 'चंदा थाली में' हाल में छपकर आई बाल कविताओं की एक ऐसी ही किताब है। इसके रचनाकार हैं प्रसिद्ध गीतकार, गजलकार नरेंद्र भूषण। इस किताब में कुल अट्ठाइस कविताएं संग्रहित हैं। सभी कविताओं के विषय बच्चों के परिवेश और रुचियों के अनुसार लिए गए हैं, जैसे- चंदा मामा, बादल, टॉफी, चींटी रानी, घड़ी, मोबाइल, पेड़, नदी, सूरज, इंद्रधनुष, नील गगन आदि।




संग्रह की सभी कविताएं गेय (गाने योग्य) और आसानी से याद किए जाने योग्य हैं। जैसे- 'चंदा नभ में आया देखो, तारों को संग लाया देखो।' या 'नदी बह रही कल-कल, कल-कल, हम सब तक पहुंचाती है जल।' या फिर 'मेरे छत पर आती चिड़िया, चूं-चूं गीत सुनाती चिड़िया।' ये पंक्तियां तुम्हें पढ़ते-पढ़ते ही याद हो जाएंगी। कविताओं की भाषा सहज, सरल और प्रवाहमय है। यह पूरी पुस्तक बहुरंगी है। हर कविता के साथ उसके विषय वस्तु के अनुरूप आकर्षक रंगीन चित्र बने हैं, जो पुस्तक की सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं। *

**किताब**: चंदा थाली में (बाल कविता संग्रह), **लेखक**: नरेंद्र भूषण,
**मूल्य**: 250 रुपए, **प्रकाशक**: अभिराम प्रकाशन, लखनऊ

## हंसगुल्ले



**चिंटू**: जो कार को ड्राइव करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू**: कार ड्राइवर।
**चिंटू**: जो कार रिपेयर करता है, उसे क्या कहते हैं?
**मिंटू**: कार मैकेनिक।
**चिंटू**: और जो कार को पेंट करता है, उसे?
**मिंटू** (कुछ देर सोचने के बाद): कारपेंटर!

-रजनी, दिल्ली

**सोनू**: बताओ, समांतर रेखाएं एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**मोनू**: क्योंकि उनके दांत नहीं होते।

-कुशल, रोहतक

## जीके क्विज-215

1. फीफा (फुटबॉल) वर्ल्ड कप-2026 का फाइनल मुकाबला किस देश ने जीता?
2. हाल में ही विंबलडन 2026 पुरुष एकल का खिताब किसने जीता?
3. हाल में ही लॉन्च किए गए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट का नाम क्या है?
4. असम की राजधानी कहां है?
5. देश के वर्तमान उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
6. चाणक्य को अन्य किस नाम से जाना जाता था?
7. 31 जुलाई को किस प्रसिद्ध हिंदी लेखक की जयंती मनाते हैं?
8. भारत में सोयाबीन का उत्पादन सबसे अधिक किस राज्य में होता है?
9. 'स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' का नारा किस स्वतंत्रता सेनानी ने दिया था?
10. कारगिल विजय दिवस कब मनाते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-215 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-214 का उत्तर** : 1. अश्वथ एस , 2. 23.5 डिग्री, 3.ऑस्ट्रेलिया, 4.नितिन गडकरी, 5.H2O, 6.लुंबिनी (नेपाल), 7.फीमर, 8.गंगा डॉल्फिन, 9.आईएनएस महेंद्रगिरि, 10.मुंडकोपनिषद

**जीके क्विज-214 का सही उत्तर देने वाले** : मन्नत-कैथल, जिया शिया-रायगढ़, नीटू-बैकुंठपुर, मान्या-दिल्ली, ज्योति-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, तेजस्वी-दुर्ग, कशिश-रोहतक, सचिन-बिलासपुर



कहानी

अलका जैन 'आराधना'

राजू अपनी रंग- बिरंगी छतरी सब्जी वाले के यहां भूल आया था। लेकिन रास्ते में जब उसे एक लड़की के पास वैसी ही रंग- बिरंगी छतरी दिखी तो उसने उससे छीन ली। राजू घर पहुंचा तो पता चला बच्ची से छीनी छतरी उसकी नहीं, बच्ची की ही थी। तो फिर राजू की छतरी कहां गई, क्या उसे अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी मिल पाई?

# रंग-बिरंगी छतरी



एआई इमेज

राजू को बारिश में भीगने का बड़ा शौक था। लेकिन मम्मी उसे बारिश में भीगने ही नहीं देती थीं। उस दिन राजू ने मम्मी से कहा, 'प्लीज मम्मी, आज तो भीगने दो। देखो ना कितनी प्यारी बारिश हो रही है।'

'नहीं बेटा, तुम्हारी तबीयत खराब हो जाएगी। फिर स्कूल नहीं जा पाओगे और ढेर सारा होमवर्क इकट्ठा हो जाएगा। फिर टीचर की डांट भी सुननी पड़ेगी।' मम्मी ने राजू की बात नहीं मानी।

'पर मम्मी, मैं सारा होमवर्क कर लूंगा और तबीयत क्यों खराब होगी। मैं तो सुपरबॉय हूं।' राजू ने मम्मी को मनाने की कोशिश की, फिर भी मम्मी ने हां नहीं की।

एक दिन मम्मी ने कहा, 'राजू बेटा, बाजार से एक किलो आलू ले आओ।'

राजू ने पैसे जेब में रखे और बाहर निकलने लगा, तभी मम्मी ने रोका, बोलीं, 'ये लो थैला और साथ में छतरी भी लेते जाओ, क्या पता कब बारिश आ जाए? लेकिन ध्यान रखना, कहीं छतरी सब्जी वाले के पास भूल मत आना।'

राजू एक हाथ में थैला और एक हाथ में अपनी प्यारी रंग-बिरंगी छतरी लेकर आलू लेने चल पड़ा। रास्ते में उसे एक छोटी बच्ची दिखी। वो इधर-उधर कुछ ढूंढ रही थी। राजू ने उसे देखा और आगे बढ़ गया। उसने जल्दी से आलू लिए और वापस घर की ओर चल दिया। कुछ दूर आया ही था कि उसे याद आया कि अपनी छतरी तो सब्जी वाले के पास ही छोड़ आया है। राजू भागा-भागा वापस सब्जी वाले के पास गया, लेकिन वहां छतरी नहीं थी।

राजू को समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करे? उसे मम्मी की डांट का डर सता रहा था। वह धीरे-धीरे घर की तरफ बढ़ने लगा। तभी उसकी नजर उसी बच्ची पर पड़ी, जिसके हाथ में ठीक वैसी ही रंग-बिरंगी छतरी थी, जैसी उसकी थी। राजू भागकर उसके पास गया, बोला, 'अरे! यह तो मेरी छतरी है। मुझे वापस दो।'

बच्ची चौंकी, 'यह छतरी तुम्हारी कैसे है, यह तो मेरी है।'

'पर जब मैंने तुम्हें पहले देखा था तब तुम्हारे हाथ में कोई छतरी नहीं थी। और अब जो छतरी तुम्हारे पास है, वह मेरी है।' राजू ने कहा। बच्ची दृढ़ता से बोली, 'मैं सच कह रही हूं। यह मेरी छतरी है।'

राजू ने बिना कुछ सुने उसके हाथ से छतरी छीन ली और घर की ओर भाग गया। घर पहुंच कर उसने मम्मी को सब्जी वाले के पास छतरी छूटने की बात बताई, यह भी बताया, 'मम्मी, एक बच्ची मेरी छतरी लेकर भाग रही थी। मैंने उससे अपनी छतरी छीन ली।' मम्मी ने डांटा, 'मैंने कहा था न कि छतरी संभाल कर रखना।'

राजू चुपचाप अपने कमरे में चला गया। अपनी फेवरेट छतरी को एक कोने में रखकर वह अपना स्कूल होमवर्क करने लगा। तभी बाहर दरवाजे की घंटी बजी। राजू ने देखा, मम्मी किसी आंटी से हंस-हंस कर बात कर रही थीं। उसे आंटी की आवाज सुनाई दी, 'अजीब बात है। मेरी बच्ची बाहर अपना खोया कंगन ढूंढ रही थी। उसी वक्त कोई लड़का आया और उसकी छतरी छीन कर भाग गया।'

मम्मी ने पूछा, 'क्या वो रंग-बिरंगी छतरी थी?' 'हां बिल्कुल वो रंग-बिरंगी छतरी थी, उसकी सबसे पसंदीदा थी।' उन आंटी ने बताया।

मम्मी तेजी से राजू के कमरे में गईं। उन्होंने राजू की रखी छतरी उठानी चाही। राजू ने मम्मी को रोका, 'मम्मी, यह मेरी ही छतरी है।'

मम्मी ने छतरी लेकर आंटी को दिखाई, 'क्या यह वही छतरी है?'

'हां- हां यही है पर यह आपके पास कैसे आई?' आंटी ने आश्चर्य से पूछा।

मम्मी ने सारी बात बताई और बोलीं, 'शायद मेरे बेटे को कोई गलतफहमी हो गई थी। उसने सोचा यह उसकी छतरी है।'

आंटी मुस्कुराते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं। बच्चों से ऐसी गलतियां हो ही जाती हैं।'

उसी वक्त फिर घंटी बजी। दरवाजा खोला तो राजू का दोस्त बबलू खड़ा था। उसके हाथ में भी एक रंग-बिरंगी छतरी थी। बबलू बोला, 'आंटी, यह राजू की छतरी है। मैंने उसे सब्जी वाले के पास छतरी छोड़कर आते देखा था। आवाज दी पर उसने सुना नहीं। मैंने सब्जी वाले से छतरी ले ली। अब देने आया हूं।'

मम्मी हंस पड़ीं, 'तो इसका मतलब राजू को सच में गलत फहमी हो गई थी। चलो दोनों छतरियां मिल गईं।'

राजू शर्मिंदा-सा बाहर आया। आंटी से बोला, 'सॉरी आंटी। मैंने बिना सोचे-समझे आपकी बेटी से छतरी ले ली।'

आंटी उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'कोई बात नहीं बेटा। गलती मान लेना ही सबसे बड़ी बात है।'

राजू तुरंत अपने कमरे में जाकर एक चॉकलेट लेकर आया और बोला, 'आंटी, यह मेरी तरफ से आपकी बेटी के लिए। सॉरी बोल दीजिएगा।'

आंटी बोलीं, 'शाम को वो पार्क में खेलने आएगी। तुम वहीं मिलकर उसे अपने हाथों से चॉकलेट देकर सॉरी बोलकर दोस्ती कर लेना।'

राजू मन ही मन खुश हुआ। उसकी प्यारी छतरी मिल गई थी। साथ ही एक नई दोस्ती का रास्ता भी बन गया था। *

कविता

राजा चौरसिया




एआई इमेज

## वर्षा आई रे

रिमझिम-रिमझिम, झड़ी, झमाझम
वर्षा आई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
गर्मी भागी पूंछ दबाए
सूरज लुकाछिपी करते हैं।
सब दिन नहीं एक से रहते
बात ध्यान में सब धरते हैं।
कारे-कजरारे बादल
दे रहे दिखाई रे।
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!
सभी ओर नदियों, नालों में
भरा हुआ पानी ही पानी।
अपनी सौंधी गंध बिखेरे
धरती आज हो गई धानी।
मोर नाचकर जंगल को
दे रहे बधाई रे!
सबकी खुशी इकाई से
हो गई दहाई रे!

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में एक मेंढक, कीट-पतंगों का शिकार कर रहा है। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम जल्दी से इन दोनों चित्रों में पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचना है। लेकिन फूलों तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। मधुमक्खी को फूलों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## डीसी ने निरीक्षण के दौरान गंदगी में रखी बेंचों पर जताई थी कड़ी नाराजगी

# बेंचों के पास कूड़े के ढेर जनसुविधा बनी मजाक

### बदबू के कारण बेंचों पर नहीं बैठ रहे लोग, योजना पर सवाल, व्यवस्था सुधारने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहरवासियों को सार्वजनिक स्थानों पर बैठने की सुविधा देने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा लाखों रुपये की लागत से मंगवाई गई अधिकांश बेंच कूड़े के डंपिंग प्वाइंट्स पर रखे जाने के कारण लोगों के सवालों के घेरे में है। शहर के विभिन्न स्थानों पर डाली गई बेंचों में से कई बैंचों को ऐसे स्थानों पर स्थापित किया गया जहां वर्षों से डंपिंग प्वाइंट्स बने हैं। मुख्यतः शहर के सीताराम गेट, भट्टी गेट, सांपला रोड पर राव मंगलीराम पार्क के नजदीक डाली गई बैंचों पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां फैली गंदगी व दिन भर उठती दुर्गंध के कारण लोग इनका सदुपयोग नहीं कर पा रहे। जनसुविधा के नाम पर स्थापित की गई ये बेंच अब मात्र शोपीस बनकर रह गई है।

सिटी पल्स

लोगों के अनुसार सड़क किनारे बने डंपिंग प्वाइंट्स पर दिनभर लोग कूड़ा डालते है। जिसके कारण दिनभर दुर्गंध उठती रहती है। ऐसी स्थिति में कौन इन बैंचों पर बैठेगा। नगर परिषद को चाहिए कि वह कूड़ा स्थलों के पास रखी बेंचों को हटाकर स्वच्छ और उपयोगी स्थानों पर रखें, ताकि लोगों को इस योजना का वास्तविक लाभ मिल सके। हालांकि बुधवार को डीसी वर्षा खांगवाल ने निरीक्षण के दौरान गंदगी के बीच रखी बैंचों को देखकर नगर परिषद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था पर नाराजगी जताई थी।



झज्जर। बीकानेर चौक पर डाली गई बेंच के साथ पड़े कूड़े में मुंह मारते गोवंश।

### नप को करना चाहिए था उचित स्थान का चयन



शहरवासी नवीन कुमार का कहना है कि लोगों के बैठने के लिए बेंच लगाना अच्छी पहल है, लेकिन यदि उन्हें कूड़े के ढेर के पास ही रखा जाएगा तो कोई भी वहां बैठना पसंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को पहले ही स्थान का चयन करना चाहिए था ताकि कोई परेशानी न आए।

### सरकारी खजाने का दुरुपयोग



दुकानदार सूरज स्वामी ने कहा कि मुख्य सड़क किनारे कूड़ा स्थलों पर रखी कई बेंचों के आसपास दिनभर कूड़ा पड़ा रहता है, जिससे बदबू आती रहती है। ऐसे में राहगीर और ग्राहक वहां बैठने के बजाय आगे निकलने में ही भलाई समझते हैं। इससे सरकारी धन का सही उपयोग नहीं हो पा रहा।

### बेंचों को स्थानांतरित करना जरूरी



वीरेंद्र दरोगा ने कहा कि यदि नगर परिषद इन बेंचों को पार्कों, बस स्टॉप या अन्य स्वच्छ स्थानों पर स्थानांतरित करे, तभी लोगों को इसका वास्तविक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनसुविधा से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता और उचित योजना दोनों जरूरी हैं। इसलिए इन्हें स्थानांतरित करना आवश्यक है।

# शिविर में मिला समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बादली/बहादुरगढ़



बादली। शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते डॉ. सतीश खोला व एसडीएम विशाल कुमार।

■ बादली में डॉ. सतीश ने सुनीं समस्याएं

बादली के लघु सचिवालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने आमजन की समस्याएं सुनीं। एसडीएम विशाल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित जनसमस्याओं की सुनवाई की गई।

शिविर में पीपीपी, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बिजली, पेयजल तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पीपीपी के राज्य समन्वयक डॉ. सतीश खोला ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच तथा विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों की जानकारी ली और अधिकारियों से जमीनी स्तर पर बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# शवगृह की मरम्मत के चलते बढ़ी परेशानी

■ पोस्टमार्टम के लिए शव झज्जर भेजे जा रहे
■ परिजनों और पुलिस की बढ़ी भागदौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल में स्थित पोस्टमार्टम हाउस/शवगृह में इन दिनों मरम्मत कार्य चल रहा है। इसके चलते पोस्टमार्टम हाउस फिलहाल बंद है और बहादुरगढ़ से शव झज्जर भेजे जा रहे हैं। इस कारण पोस्टमार्टम में देरी, पुलिस की भागदौड़ तथा परिजनों की परेशानी तक बढ़ी हुई है।

वहीं झज्जर के पोस्टमार्टम हाउस पर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। दरअसल, यहां मोरच्युरी की छत जर्जर हो गई थी। लगातार इसके मरम्मत की दरकार थी। पिछले दिनों ही यहां काम शुरू हुआ। इस काम में 2 सप्ताह या इससे अधिक समय लगने की आशंका है। लिहाजा तब से यहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया बंद है। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर झज्जर या रोहतक शव भेजे जा रहे हैं। ज्यादातर शव झज्जर जा रहे हैं। इसलिए वहां के पोस्टमार्टम हाउस व चिकित्सकों पर भी दबाव बढ़ गया है। एक-एक दिन में कई कई शवों के पोस्टमार्टम हो रहे हैं। बहादुरगढ़ से झज्जर तकरीबन 30 किलोमीटर दूर है। इसलिए पुलिस व मृतकों को भी झज्जर तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। ऐसी स्थिति में प्रभावित परिवारों का समय और धन दोनों अधिक लग रहा है।

# अवैध हथियार सहित पकड़ा गया आरोपी रिमांड पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीआईए की टीम द्वारा अवैध पिस्तौल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि दीपक निवासी सुबाना अवैध हथियार के साथ थाना माछरौली क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कर रहे जागरूक

**झज्जर।** जिले भर में स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत टीबी मुक्त भारत अभियान चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर मंजु कादियान ने बताया कि गांवों, वार्डों और औद्योगिक इकाइयों को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। ईएसआईसी के सहयोग से जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में आयोजित शिविरों के दौरान 511 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच, 301 कर्मचारियों के एक्स-रे तथा 74 कर्मचारियों के टीबी जांच के लिए सैंपल लिए गए। शिविर में कर्मचारियों को टीबी के लक्षण, बचाव और सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

# प्रतिभा मंथन के तहत शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम में करियर गाइडेंस संबंधी गतिविधियों में भाग लेते हुए झज्जर ब्लॉक के शिक्षक।

वीरवार को प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के तहत डाइट माछरौली में झज्जर ब्लॉक के कक्षा नौवीं एवं दसवीं के नामांकित शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को करियर एक्सप्लोरेशन एवं करियर गाइडेंस गतिविधियों के लिए प्रशिक्षित करना है, ताकि वे विद्यालयों में विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता एवं भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति प्रभावी मार्गदर्शन दे सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के उद्देश्यों, करियर एक्सप्लोरेशन गतिविधियों तथा उनके विद्यालय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने अनुभव और सुझाव भी साझा किए तथा विद्यालयों में करियर मार्गदर्शन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षण का संचालन प्रतिभा मंथन टीम की सुरभि सिंह, आमरीन, श्वेता डोंगरे, नंदिनी यादव एवं आर्य मिश्रा ने किया।

# भारत में अघोषित आपातकाल जैसी स्थितिः विक्रम कादियान

■ शांतिपूर्ण विरोध पर कार्रवाई से कांग्रेस नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लगातार बढ़ते सरकारी दमन के कारण अघोषित आपातकाल जैसे हालात पैदा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस आजादी को देशभक्तों ने असंख्य बलिदानों के बाद हासिल किया था, आज उसी आजादी को प्रशासनिक तानाशाही के माध्यम से कमजोर किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली, शिक्षा और रोजगार की मांग कर रहे युवाओं पर बल प्रयोग तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किए गए व्यवहार से भारत की लोकतांत्रिक छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं पर अत्याचार देश के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

### लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला बर्दाश्त नहीं

विक्रम कादियान ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजी हुकूमत ने भी विपक्ष के साथ वैसा व्यवहार नहीं किया, जैसा आज लोकतांत्रिक भारत में राजनीतिक विरोधियों और युवा आंदोलनकारियों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रोफेसरों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। पर्याप्त फैकल्टी न होने के कारण प्रवेश प्रभावित हो रहे हैं और शोध गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नई शिक्षा नीति शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के बजाय उच्च शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने वाली नीति साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रही है। इसके विपरीत, अपने अधिकारों की मांग करने वाले युवाओं को दमन और पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने युवाओं की आवाज को संसद और सड़क दोनों जगह मजबूती से उठाकर लोकतंत्र की रक्षा के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के नाम पर पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन सभी मुद्दों पर सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेगी।

# शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर कार्रवाई लोकतंत्र विरोधीः राजेंद्र जून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली में पेपर लीक प्रकरण और छात्रों पर लाठचार्ज के मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री आवास के घेराव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत अन्य नेताओं की गिरफ्तारी को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया। राजेंद्र जून ने कहा कि छात्र हितों और पेपर लीक जैसे गंभीर विषय पर शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराने पहुंचे कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार जनहित के मुद्दों पर जवाब देने के बजाय विरोध करने वालों पर कार्रवाई कर अपनी असहिष्णु सोच का परिचय दे रही है।



लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने केंद्र सरकार से पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने की मांग भी की।

# जिला शिक्षुता आत्मनिर्भर समिति की हुई समीक्षा बैठक



झज्जर। समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला शिक्षुता आत्मनिर्भर समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष फौगाट ने की। उन्होंने जिले के विभिन्न सरकारी विभागों एवं निजी संस्थानों में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति, संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण तथा शिक्षुता अधिनियम-1961 के प्रभावी कार्यान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी विभाग प्रथम चरण के अनुसार अपने कुल कार्यशील मानव शक्ति का दस प्रतिशत प्रशिक्षु अनिवार्य रूप से नियुक्त करें। जिन सरकारी विभागों ने अभी तक यह लक्ष्य पूरा नहीं किया है, वे आगामी समीक्षा बैठक तक निर्धारित संख्या में प्रशिक्षुओं की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करना सुनिश्चित करें।

# एडीसी ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं



झज्जर। जिला स्तरीय समाधान शिविर में जनसमस्या सुनते हुए एडीसी जगनिवास।

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये शिविर जिला प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि समस्याओं का समाधान न केवल समय पर, बल्कि प्रभावी और संतोषजनक भी हो। समाधान शिविर में पानी, बिजली, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, सड़क, परिवार पहचान पत्र, आवास और अन्य शिकायतें प्राप्त हुईं। कुछ मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों ने समाधान किया, जबकि अन्य को तय समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए।

**सूचना**

मैं, चंदरवती पत्नी हरी किशन निवासी मकान नं. 393/14, बसंत विहार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र टिंकू व मेरी पुत्रवधु प्रीति मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, श्रीमती सविता देवी पत्नी स्व. श्री पप्पू पटेल निवासी मकान नं. 832 वार्ड नं. 28 सेक्टर-7 बहादुरगढ़ जिला झज्जर हरियाणा-124507 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र अजित पटेल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बंध विच्छेद करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, रमेश चंद्र पांडेय पुत्र उमा नाथ पांडेय निवासी मकान संख्या-215, ग्राम ऊंचगांव, जौनपुर, उत्तर प्रदेश-233102 घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र राज कुमार पांडेय (Raj Kumar Pandey) की सीबीएसई कक्षा 12वीं की मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों में (रोल नंबर 26643637) में मेरा नाम त्रुटिवश रमेश चंद्र (Ramesh Chandra) अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही एवं पूर्ण नाम रमेश चंद्र पांडेय (Ramesh Chandra Pandey) है। मेरे पुत्र राज कुमार पांडेय के सभी सीबीएसई रिकॉर्ड में मेरे नाम को रमेश चंद्र के स्थान पर रमेश चंद्र पांडेय किया जाए।

**सार्वजनिक-सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, बादली**

केस नं.-30/एन.टी., तिथि दायरा-04.09.2025, तिथि पेशी-29.07.2026, मौजा-मुनीमपुर-कुकड़ौला, तह.-बादली जिला-झज्जर
मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं. 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरूग्राम-122015 - (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।
..........प्रार्थी

बनाम

(1) इन्द्रपाल पुत्र मामन पुत्र गंगासहाय, (2) मांगे पुत्र गोपाल पुत्र सुरता, (3) चन्द्रावली विधवा फते पुत्र सुरजा, (4) चन्द्रावली विधवा ताराचन्द। उपरोक्त सभी बिस्वेदारान गाँव मुनीमपुर कुकड़ौला, तहसील बादली व जिला झज्जर।
..........उत्तरवादीगण

**दरखास्त बाबत दुरूस्त किये जाने खसरा गिरदावरी बाबत फसल खरीफ 2024 ता हाल, मौजा मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम इन्द्रपाल आदि निवासीगण व बिस्वेदारान गांव मुनीमपुर कुकडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा मुनीमपुर कुकडौला, दरखास्त दुरूस्त किये जाने खसरा गिरदावरी बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 29/7/2026 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन /वकालतन पेश होवें अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन/विज्ञापन आज दिनांक 01/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

हस्ता/-
सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, बादली।

## 27 जुलाई तक ऑनलाइन फीस होगी जमा, दस्तावेज जमा कराने के लिए पहुंचें कॉलेज

# स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के लिए दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए और बीबीए आदि स्नातक कक्षाओं की पहली मेरिट लिस्ट के दाखिले शुरू हो गए हैं। फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 27 जुलाई है। फीस डेबिट या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन भरी जा सकती है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि फीस भरने के लिए विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रवेश पोर्टल पर लॉग इन करना होगा। फीस भरने के बाद विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच के लिए कॉलेज में उपस्थित होना होगा।

### 42 विद्यार्थियों ने करवाई फीस जमा



डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में विभिन्न कक्षाओं में पहले दिन 44 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फीस जमा करवाई है। इनमें बीए के 15, बीएससी फिजिकल साइंस के 02, बीएससी लाइफ साइंस के 02, बीकॉम के 11, बीसीए के 07 तथा बीबीए के 05 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।

### दस्तावेजों की जांच जरूरी

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया है और वे एडमिशन लेने के इच्छुक हैं, उनके सभी प्रमाण पत्रों की कॉलेज में जांच होगी और उनको अपने प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी कॉलेज में जमा करवानी होगी। इसलिए विद्यार्थी अपने ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म की हार्ड कॉपी, फोटोग्राफ, सभी मूल प्रमाण पत्र और उनकी फोटोकॉपी साथ लेकर आएं।

### वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष में अधिकतम कट ऑफ 98.4% रहा

**बहादुरगढ़।** उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्नातक प्रथम वर्ष की पहली मेरिट लिस्ट के अनुसार एडमिशन शुरू हो गए हैं। साथ ही यूजी द्वितीय-तृतीय वर्ष तथा पीजी द्वितीय वर्ष की प्रमोटेड छात्राओं के प्रवेश भी जारी हैं। पात्र छात्राएं 27 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के अपनी फीस जमा करवा सकती हैं। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष में ओपन मेरिट का अधिकतम कट ऑफ प्रतिशत 98.4, बीकॉम प्रथम वर्ष में 83, बीएससी प्रथम वर्ष में 94.2 तथा बीसीए प्रथम वर्ष में ओपन मेरिट का अधिकतम प्रतिशत 92.2 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्राओं को निर्धारित समयावधि के भीतर अपनी प्रवेश फीस जमा करवाकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। नोडल अधिकारी सुजाता वर्मा ने बताया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 26 जुलाई तक ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर किया जा सकता है। छात्राएं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी नवीनतम सूचनाओं पर नियमित रूप से ध्यान दें तथा समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें।



बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में एडमिशन लेने पहुंची छात्राएं।

## खंड स्तरीय स्कूल खेल स्पर्धा में बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिंटन व बास्केटबॉल के हुए मुकाबले

# बास्केटबॉल में छारा स्कूल की लड़कियां जीती

**बॉक्सिंग अंडर-19 के 69 किलोग्राम वर्ग में थॉमस स्कूल की आकांक्षा दलाल तथा 81 किलोग्राम वर्ग में माउंट व्यू स्कूल की खनक ने पहला स्थान प्राप्त किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बास्केटबॉल कोर्ट में गेंद छीनने का प्रयास करती लड़कियां। फोटो: हरिभूमि

खंड स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता के तहत वीरवार को लड़कियों के बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिंटन और बास्केटबॉल के मुकाबले खेले गए। अंडर-14 बास्केटबॉल में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा की लड़कियों ने बाजी मारी। जबकि एसजीएस स्कूल ने दूसरा और बाल भारती स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। बॉक्सिंग अंडर-19 के 69 किलोग्राम वर्ग में थॉमस स्कूल की आकांक्षा दलाल तथा 81 किलोग्राम वर्ग में माउंट व्यू स्कूल की खनक ने पहला स्थान प्राप्त किया।

अंडर-17 में 42 किलोग्राम वर्ग में खुशी अहलावत, 44 में तनवी, 46 में अंशिका, 48 में रिद्धि गुलिया, 50 में इशिका लोहचब, 52 में प्राची, 54 में गार्गी, 57 में मोनिका, 60 में कोमल मान और 80 किलोग्राम वर्ग में एंगिल विजेता रहीं। बैडमिंटन अंडर-14 में जीडी गोयनका स्कूल की ओमिशा भारद्वाज ने पहला तथा रामा भारती स्कूल की निर्वी ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 में संचुरी स्कूल की हिमांशी प्रथम और अद्विका द्वितीय रहीं। कुश्ती अंडर-19 में 50 किलोग्राम वर्ग में मातन की तष्णी, 55 में दीपांशी, 62 में चिंकी, 65 में सोनिया दलाल तथा 68 किलोग्राम वर्ग में स्वाति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 में 30 किलोग्राम वर्ग में परी, 36 में तनवी, 39 में अरेना, 42 में परी, 50 में प्राची गुलिया तथा 62 किलोग्राम वर्ग में शिक्षा विजेता रहीं।

विभिन्न आयु वर्गों के फाइनल मुकाबले शाम तक चले। वहीं, जिला स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 27 जुलाई से 1 अगस्त तक किया जाएगा। डीपीई विजय छिल्लर, संजय, शमशेर, सतीश कुमार, मंजीत सिंह, सुनील खत्री, सुनील राणा, सोनिका, मंजू मालिक, नीलम, अंजू, पूनम, गीता, नीलम, स्वीटी हुड्डा और शशि सांगवान की देखरेख में मुकाबले हुए।

## खंडस्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं के दूसरे दिन एचडी साल्हावास का रहा दबदबा

झज्जर। खंडस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन भी एच डी साल्हावास के खिलाड़ियों ने अपना वर्चस्व कायम रखते हुए 15 गोल्ड मेडल और 8 सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है, वहीं विद्यालय की तीनों आयु वर्ग की रिले रेस पूरे साल्हावास ब्लॉक की चैंपियन बनी है। एथलेटिक्स कोच रवींद्र कुमार और प्रीतम जाखड़ ने बताया कि खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के पहले दिन भी एच डी साल्हावास के खिलाड़ी दूसरे दिन भी छाए रहे। गौरव ने जेवलिन थ्रो, मयंक लोंग जंप, नितिन ने डिस्कस थ्रो, हिमांशु ने 200 मीटर और 400 मीटर दौड़, प्रिंस ने 400 मीटर में और नितिन ने 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, वहीं अंडर- 14 के कार्तिक ने शॉट पुट, अंश ने डिस्कस थ्रो, अंडर-17 में दक्ष ने शॉट पुट, लोकेश ने लोंग जंप और 200 मीटर दोनों में, प्रिंस ने 100 मीटर, दक्षित ने 200 मीटर और रुद्रांश ने अंडर-17 आयुवर्ग में 200 मीटर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एच डी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने कि यह शानदार उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों के समर्पण का सुखद परिणाम है। वहीं एच डी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, प्राचार्या प्रीति राठी और एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकों के साथ।



झज्जर। शिक्षकों के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## आदर्श स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते मेडल

झज्जर। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर के खिलाड़ियों ने साल्हावास में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर अनेक पदक हासिल कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। अंडर-14 व अंडर-19 आयु वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंश ने ऊंची कूद में प्रथम जबकि 800 मीटर व 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में देवेश पहले स्थान पर रहा। 100 मीटर हर्डल रेस में निक्कू ने स्वर्ण तथा जैवलिन थ्रो में मयंक ने द्वितीय पुरस्कार जीता। खिलाड़ी जतिन ने अंडर-17 आयु वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम तथा लांग जंप में द्वितीय स्थान हासिल। बैडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 आयु वर्ग में लक्ष्य तथा अंडर-19 आयु वर्ग में श्रेष्ठा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में पूर्वा को पहला पुरस्कार मिला। इस उपलब्धि पर निदेशक अमित गहलावत, निदेशिका सीजू गहलावत व प्राचार्य जय प्रकाश ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। खेल मैदान में उपस्थित आरईडी के विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

## एलए स्कूल के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



झज्जर। एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के एथलेटिक्स इवेंट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए। प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि सागर ने 100 मीटर हर्डल रेस में प्रथम, ध्रुव ने द्वितीय व आशीष ने 1500 मीटर रेस में प्रथम व रोहित ने द्वितीय स्थान हासिल किया। जबकि ध्रुव, आशीष, उमंग व सागर ने रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा 4 गुणा 100 मीटर रेस में आशीष, उमंग, पूर्व, नुकुल, सागर व ध्रुव ने पहला, डिस्कस-थ्रो में मंदीप चाहर प्रथम व प्रिंस सुहाग ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। प्रबंधक केएम डागर ने इस उपलब्धि पर डीपीई अमित लोहचब, विशाल व महेंद्र सैनी के प्रयासों की सराहना की। स्कूल पहुंचने पर संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

## पेस ग्रुप के 17 खिलाड़ियों ने किया क्वालीफाई



झज्जर। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पेस ग्रुप के 17 खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए क्वालीफाई किया है। पेस ग्रुप के निदेशक जय विकास ने बताया कि बॉक्सिंग में अंडर-14 आयु वर्ग में आठवीं कक्षा के खिलाड़ी दक्ष धनखड़ व नौवीं के निखिल ने स्वर्ण पदक जीते। अंडर-17 वर्ग में दसवीं कक्षा से यक्ष तथा अंडर-19 वर्ग में बारहवीं कक्षा के विशाल ने स्वर्ण पदक हासिल कर जिला प्रतियोगिता में जगह बनाई। इसी प्रकार बास्केटबॉल में अर्श, गौरव सैनी, वीरेन तथा देव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। अंडर-17 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में आयुष ने स्वर्ण पदक तथा अवि ने रजत पदक जीता। इसी वर्ग की 200 मीटर दौड़ में यक्ष ने रजत पदक हासिल किया। बैडमिंटन में कोशवेंद्र व अखिल ने स्वर्ण तथा ऋषभ ने रजत पदक अपने नाम किया। अंडर-14 वर्ग में शैलेश ने स्वर्ण, प्रतीक ने रजत तथा गौरव ने कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित चावला, हरीश, संदीप, अश्विनी, सुभाष, प्रीति, पूनम, प्रदीप, रेणु आदि स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरईडी के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

झज्जर। आरईडी स्कूल छुछकवास के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए अनेक पदक हासिल किए तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई। प्राचार्य सुनील कादियान ने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग की योगा प्रतियोगिता में दक्ष, विहान, हिमांक व अंकित, अंडर-17 आयु वर्ग में देवव्रत व गौरव तथा अंडर-19 आयु वर्ग में कार्तिक, तन्मय तथा यश ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। अंडर-14 आयु वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में यक्ष व देवांश, अंडर-17 में वंश तथा अंडर-19 वर्ग में अंश, अंडर-17 आयु वर्ग की कबड्डी स्पर्धा में मेहुल ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। महिला खिलाड़ियों में स्नेहा ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम तथा लॉन्ग जंप में द्वितीय, भूमिका ने 400 मीटर व दिशा ने 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग में लड़कों की खो-खो टीम पहले स्थान पर रही जबकि अंडर-19 खो-खो, अंडर-14 वॉलीबॉल तथा अंडर-14 खो-खो टीमों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने सभी विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों व खेल प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# औद्योगिक क्षेत्र की बदहाली पर सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। एमआईई की सड़कों पर भरा सीवर का गंदा पानी। फोटो: हरिभूमि

कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों की लगातार बिगड़ती स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। पेयजल की अपर्याप्त व्यवस्था, जाम-ओवरफ्लो सीवर लाइनें, बदहाल सफाई व्यवस्था, टूटी सड़कें, बंद स्ट्रीट लाइटें, पार्कों की खराब स्थिति तथा विकास कार्यों में अत्यधिक देरी जैसी गंभीर समस्याएं व्याप्त हैं। सीएम को लिखे पत्र में बताया गया है कि वर्ष 2016 में बहादुरगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन हशविप्रा से एचएसआईआईडीसी को हस्तांतरित किया गया था।

करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के दावे किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। हजारों औद्योगिक इकाइयां करोड़ों रुपये का राजस्व प्रदान करने के साथ-साथ हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करा रही हैं तथा निर्यात और औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद इन क्षेत्रों को आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है। कोबी के अनुसार बहादुरगढ़ के सभी औद्योगिक क्षेत्रों का किसी स्वतंत्र एजेंसी अथवा वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से वास्तविक मौका निरीक्षण कराया जाए। एचएसआईआईडीसी अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# डीसीपी ने किया होनहार छात्राओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। डीसीपी धारणा यादव के साथ होनहार छात्राएं एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

वीरवार को डीसीपी धारणा यादव ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ की उन मेधावी छात्राओं से मुलाकात की, जिन्होंने 12वीं कक्षा की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि वे शिक्षा को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाएं, सकारात्मक सोच रखें और समाज व देश की सेवा का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्पों और व्यक्तित्व विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और पुलिस विभाग भी महिलाओं के लिए असीम अवसर प्रदान करता है। उन्होंने छात्राओं से निर्भीक होकर अपने सपनों को उड़ान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसीपी प्रदीप खत्री, प्राचार्य मनोज भाटिया सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## रास्ता खुला रखने के लिए सीएम से मिले

बहादुरगढ़। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने रोहतक में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर बहादुरगढ़ के सेक्टर-9 टिकरी वाले रास्ते को खुलवाने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि वार्ड-14 और वार्ड-12 के हजारों लोग पिछले कई सालों से इस रास्ते का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह रास्ता दयानंद नगर और सैनीपुरा कॉलोनी को सेक्टर-9 से जोड़ता है। नक्शे के अनुसार एचएसवीपी ने इस रास्ते को बंद दिखा रखा है। यदि इस रास्ते को बंद कर दिया गया तो दोनों कॉलोनियों के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस रास्ते को खुला रखा जाए ताकि जनता को राहत मिल सके। इस अवसर पर रोहित, सोनू, कपिल सैनी, हरीश, नीरज, ललित, दिनेश व कुलदीप आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को पौधे बांटती प्रिंसिपल डॉ. आशा शर्मा। फोटो: हरिभूमि

## तरु तरंग अभियान के तहत पौधे लगाए

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय द्वारा संचालित तरु तरंग अभियान के अंतर्गत वीरवार को शक्ति विद्यापीठ मंदिर स्कूल पौधरोपण व पौधे वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की वाईआरसी तथा एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। साथ ही विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते हुए उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया। स्कूल डायरेक्टर प्रवीण शर्मा ने बताया कि वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करने के साथ ही जैव विविधता के संरक्षण, जलवायु संतुलन में अहम भूमिका निभाते हैं। स्कूल प्रधानाचार्य राजेश्वरी ने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक एवं सामाजिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर डॉ. अन्नू शर्मा, सुनीता रानी व दिव्या बंसल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005



बहादुरगढ़। अनिल खत्री को दौड़ का निमंत्रण देते चरण सिंह राठी व अन्य।

## रन अगेंस्ट डोप का निमंत्रण दिया

बहादुरगढ़। भीम अवार्डी चरण सिंह राठी ने रन अगेंस्ट डोप में भाग लेने के लिए हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन को भी निमंत्रण दिया। चरण सिंह के साथ पूर्व ओलंपियन कर्नल संत कुमार और सराय औरंगाबाद के सरपंच राकेश राठी ने हरियाणा स्विमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री से मुलाकात कर उन्हें इस दौड़ का निमंत्रण दिया। अनिल खत्री ने कहा कि नशा आज समाज की सबसे भयंकर समस्या है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने का सबसे सशक्त माध्यम खेल हैं। एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के तैराक इस दौड़ में हिस्सा लेंगे।

## बिरोहड़ में पांच सौ पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

झज्जर। एपीसीपीएल पॉवर प्लांट झाड़ली द्वारा पौधरोपण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के गांव बिरोहड़ में पांच सौ पौधे रोपित किए। अभियान में एपीसीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कैबोर्त्ता, मानव संसाधान अपर महाप्रबंधक उमेश कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की। प्रतिनिधि मंडल द्वारा ग्राम सरपंच व अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर गांव की शिक्षा, सामाजिक विकास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श भी किया। वहीं पांच सौ पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



झज्जर। पौधारोपण के समय एपीसीपीएल प्रतिनिधिमंडल के साथ उपस्थित ग्रामीण।

## खरहर जलघर में शुरू हुई सफाई व सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

खबर का असर

गांव खरहर के जलघर से लंबे समय से आ रहे गंदे पेयजल की समस्या को लेकर उठाई गई आवाज आखिरकार रंग लाई। हरिभूमि में 18 जुलाई को समाचार प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए जलघर में सफाई के साथ ही सुधार कार्य शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से जलघर से आने वाला पानी इतना गंदा था कि पीने के पानी और जोहड़ के पानी में कोई अंतर दिखाई नहीं देता था। पानी में गंदगी, मटमैलेपन और बदबू के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा उन्हें पीने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही थी। ब्लॉक समिति सदस्य आशीष राठी के अनुसार खबर छपने के बाद विभाग ने संज्ञान लिया है। जलघर में नए फिल्टर मीडिया बदले जा रहे हैं, पानी की टंकी में जमी गाद की सफाई की जा रही है तथा आवश्यक तकनीकी सुधार भी किए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

विभाग द्वारा शुरू किए गए सुधार कार्य से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही उन्हें साफ और शुद्ध पेयजल मिल सकेगा। ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू होने पर संतोष जताया है। उन्होंने मांग की है कि भविष्य में जलघर की नियमित सफाई, फिल्टरों का समय-समय पर रखरखाव व पानी की गुणवत्ता की लगातार जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो।



बहादुरगढ़। गांव खरहर के जलघर स्थित टैंक की सफाई में जुटे कर्मचारी।

**निर्देश** चेयरपर्सन ने सफाई को लेकर सुपरवाइजरों की ली बैठक

# सफाई व्यवस्था सही न मिलने पर अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी : राठी

***शहर की स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी: चेयरपर्सन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सफाई सुपरवाइजरों की बैठक लेती चेयरपर्सन सरोज राठी।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने शहर के सभी सफाई सुपरवाइजरों को सफाई व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने दो टूक कहा कि शहर की स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सुपरवाइजरों को नियमित रूप से सफाई कार्यों की निगरानी करें, कूड़ा उठान समय पर सुनिश्चित करें तथा नालियों, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।

वीरवार को चेयरपर्सन सरोज राठी ने बैठक की अध्यक्षता में शहर की सफाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद कार्यालय में सफाई सुपरवाइजरों की एक बैठक हुई। कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला मौजूदगी में हुई बैठक में सरोज राठी ने कहा कि वे स्वयं शहर के सभी वार्डों, सेक्टरों और औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा करेंगी तथा मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण करेंगी। इस दौरान संबंधित सुपरवाइजर के कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी। जिन क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलेगी, वहां संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। नगर परिषद का उद्देश्य शहर को स्थायी रूप से स्वच्छ और सुंदर बनाना है।

सभी सफाई सुपरवाइजरों और कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। ईओ संजय रोहिल्ला ने भी बैठक में सुपरवाइजरों को सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।